केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान
(विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्त सोसाइटी)
Central Power Research Institute
(An autonomous society under Ministry of Power, Govt. of India)

**विज्ञापन सं.सीपीआरआई/11/2022**

**महत्वपूर्ण निर्देश**

1. केवल वे भारतीय नागरिक, जो 18 वर्ष तथा उससे ऊपर की आयु प्राप्त कर चुके है, आवेदन भरने के पात्र हैं।
2. आवेदन भरने से पूर्व, उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वे इस विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं।
3. विज्ञापन में अधिसूचित रिक्तियों की संख्या चयन के समय वास्तविक आवश्यकता के आधार पर बदला जा सकता है तथा इसके अनुसार अधिसूचित आरक्षण भी बदल सकता है।
4. निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव न्यूनतम आवश्यकता है तथा केवल उसके होने से उम्मीदवार कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा/ कौशल परीक्षा/ व्यावसायिक परीक्षा/ शारीरिक परीक्षण/ दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया आदि के लिए बुलाए जाने के पात्र नहीं होंगे। आवश्यक योग्यता न्यूनतम योग्यता है जो निर्दिष्ट पद के लिए आवेदन देने के लिए अनिवार्य है ।
5. पात्र आवेदनों की संख्या अत्यधिक होने के मामले में सीपीआरआई पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अनुसार उम्मीदवारों को सीमित तथा लघुसूचीबद्ध करने का अधिकार रखता है। सीपीआरआई पदों के लिए विच्छेदक स्कोर निश्चित करने का अधिकार रखता है । जिन उम्मीदवारों ने इस पद के लिए आवेदन भरा है तथा सीपीआरआई द्वारा प्रत्येक चरण में उत्तीर्ण हुए है, उनके जाँच तथा मूल्यांकन के आधार पर कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा / कौशल परीक्षा/ व्यवसायिक परीक्षा / शारीरिक परीक्षण आदि के लिए बुलाने हेतु उम्मीदवारों की संख्या निर्धारित की जाएगी। इंजीनियरिंग अधिकारी ग्रेड के पद के लिए 1, विच्छेदक गेट स्कोर योग्यता और शाखावार भरे जाने वाले पदों की संख्या तय करने का अधिकार सीपीआरआई रखता है।
6. सीपीआरआई, कारण बताकर या कारण बताए बिना किसी भी मानदण्ड, चयन की विधि को बदलने (रद्द करने/संशोधित करने / जोडने) का अधिकार रखता है।
7. मोबाइल संख्या, ई मेल पता अथवा तकनीकी दोष या सीपीआरआई के नियंत्रण से परे कुछ कारणों से उम्मीदवारों को यदि सूचना/जानकारी न पहुँच पाए तो यह सीपीआरआई की जिम्मेदारी नहीं होगी। उम्मीदवारों को अद्यतन सूचनाओं के लिए सीपीआरआई वेबसाइट **https://cpri.res.in/** पर कड़ी नज़र रखने की सलाह दी जाती है।
8. आवेदनों की पात्रता, स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन की विधि, विच्छेदक अंकों को निश्चित करना, एमसीक्यू परीक्षा/ कौशल परीक्षा (कंप्यूटर आधारित) / व्यावसायिक परीक्षा/ शारीरिक परीक्षण के

संचालन से संबंधित सभी मामलों में सीपीआरआई का निर्णय अंतिम होगा तथा उम्मीदवार इसका पालन करने के लिए बाध्यकारी होंगे तथा उम्मीदवारों की ओर से किसी भी व्यक्ति या अभिकरण से इस संबंध में कोई जाँच अथवा पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

9. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे कोई भी ऐसे ब्यौरे न प्रस्तुत करें जो असत्य हो, जिसमें हेर फेर की गई हो, गढ़ी हुई हो और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ। यदि दुराचार/प्रतिरूपण/प्रचार/अनुचित साधनों के प्रयोग से वह दोषी पाया जाए तो उन्हें दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया/ एमसीक्यू परीक्षा/कौशल परीक्षा/ शारीरिक परीक्षण आदि से निरर्ह किया जाएगा। यदि उम्मीदवार को आगे की प्रक्रिया के लिए विचार किया जाता है, जिनका विवरण/सूचना चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में असत्य पाया गया तो सीपीआरआई के उत्तरदायित्व के बिना उसकी उम्मीदवारी तुरंत बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जाएगी।

10. किसी भी तरह का प्रचार उम्मीदवार की उम्मीदवारी को निरर्हता के लिए जिम्मेदार बना देगा।

11. सभी पदों की परीवीक्षा अवधि प्रारंभ में दो वर्ष की अवधि के लिए रहेगी। सभी पदों के लिए एनपीएस योगदान/छुट्टी/एलटीसी/चिकित्सा लाभ और भत्ते के सेवा लाभ भारत सरकार के मानदण्डों के अनुसार रहेंगे।

12. संस्थान में नियुक्ति होने पर अखिल भारतीय स्थानांतरण की देयता रहेगी । सम्प्रति सीपीआरआई के एकक बेंगलूर, भोपाल, नोएडा, हैदराबाद, नागपुर, कोलकाता, गुवहाती तथा नासिक में हैं ।

13. भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन जानकारी के लिए उम्मीदवार अपने ई मेल और सीपीआरआई वेबसाइट **https://cpri.res.in/** की नियमित रूप से जाँच करें।

14. उम्मीदवार मान्य शैक्षणिक योग्यता; अनुभव और निर्दिष्ट आयु सीमा रखने वाले उम्मीदवार ही पदों के लिए आवेदन भरने के पात्र होंगे। अतः आवेदकों को विज्ञापन में प्रत्येक पद के लिए अलग पैरा और उप पैरा-में उल्लिखित निर्धारित सभी शर्तों को ध्यान से पढे और आवेदन भरने से पहले पद के लिए उनकी उपयुक्तता के बारे में खुद को संतुष्ट करने की सलाह दी जाती है।

15. अंतिम क्षण की जल्दबाजी से बचने के लिए उम्मीदवारों को शीघ्र आवेदन भरने की सलाह दी जाती है। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने में नेटवर्क समस्या अथवा किसी अन्य समस्या के लिए सीपीआरआई जिम्मेदार नहीं होगा । निर्धारित अनुलग्नकों के साथ ऑन लाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय पाए किसी भी प्रकार के विलम्ब के लिए भी सीपीआरआई जिम्मेदार नहीं होगा।

**ऑन लाइन आवेदन का पंजीकरण एवं प्रस्तुति** :

1. पात्र उम्मीदवार केवल सीपीआरआई की ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से ही आवेदन जमा कर सकते हैं ।
2. वेबसाइट पर अपने आवेदनों को पंजीकृत करने एवं प्रस्तुत करने से पूर्व, उम्मीदवार निम्नलिखित रखें :-

   ए. मान्य स्वतः ई-मेल आई डी एवं मोबाइल सं.

बी.उम्मीदवार का अद्यतन पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो की स्कैन प्रति।

सी. उम्मीदवार का स्कैन किया हुआ हस्ताक्षर।

डी. पीडीएफ प्रारूप में यथा लागू एसएसएलसी/ एसएससी / मैट्रिक प्रमाणपत्र / डिग्री प्रमाणपत्र / डिप्लोमा / आईटीआई ट्रेड प्रमाणपत्र और मार्क्स कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाणपत्र, एनओसी, सेवा मुक्ति प्रमाणपत्र, भूतपूर्व सैनिक आईडी कार्ड की स्कैन किए गए प्रतियां।

3. **फोटोग्राफ :** ऑन-लाइन आवेदन में निर्धारित जगह पर हाल ही की एक रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो (तीन माह से अधिक पुरानी न हो) स्कैन कर अपलोड किया जाए।

4. **हस्ताक्षर:** ऑन लाइन आवेदन में निर्धारित जगह पर श्वेत पृष्ठभूमि पर (काली स्याही में) किए गए हस्ताक्षर को स्कैन कर अपलोड किया जाए। उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि अपलोड किया गया हस्ताक्षर, कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा आदि उपस्थिति शीट में वही रहें। यदि हस्ताक्षरों में कोई भिन्नता पाई गई तो उम्मीदवारी निरस्त हो सकती है। उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि वे उपयुक्त स्थान पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाला/पहचाने जाने वाला हस्ताक्षर अपलोड करें।

5. ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए, उम्मीदवारों को सबसे पहले सीपीआरआई वेबसाइट करियर पेज **https://cpri.res.in/career** पर जाना चाहिए|

6. आवेदकों द्वारा ऑन लाइन आवेदन फार्म में दी गई सूचना के आधार पर आवेदनों की जाँच किए जाने के कारण यह आवश्यक है कि केवल यथार्थ, पूर्ण और सही जानकारी आवेदकों द्वारा प्रस्तुत की जाए। झूठी / गलत जानकारी प्रस्तुत करना निरर्हता मानी जाएगी तथा ऐसी झूठी / गलत सूचना पेश करने पर किसी भी परिणाम के लिए सीपीआरआई जिम्मेदार **नहीं** होगा।

7. आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता, प्रमाणपत्र / प्रशंसापत्र, वर्ग (ईडब्ल्यूएस/एनसीएल-ओबीसी) आदि के निर्धारण की महत्वपूर्ण तारीख, उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख अर्थात् **21.11.2022** होगी।

8. आरक्षण/छूट आरक्षित पदों के लिए मात्र लागू है ।

9. अनु जा/अनु जन जा/अपिव/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदार आवेदन फार्म में अपने-अपने वर्ग को ध्यान से भरें। फार्म में एक बार वर्ग का उल्लेख किए जाने के बाद इसे किसी भी परिस्थिति में बदला **नहीं** जाएगा। इस संबंध में कोई भी गलत सूचना प्रस्तुत करने पर उम्मीदवार को अयोग्य ठहराया जाएगा। उम्मीदवार को दस्तावेज सत्यापन के समय अपने दावे के समर्थन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे।

10. अन्य पि वर्ग श्रेणी का लाभ उठाने वाले उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे भारत सरकार (**न कि राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार**) के अंतर्गत पदों की नियुक्ति के लिए बने केंद्र सरकार की अधिसूचना के अनुसार अन्य पि वर्ग श्रेणी में आते है तथा नवोन्नत वर्ग से

ताल्लुक **नहीं रखते।** उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी से ओबीसी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि उम्मीदवार सक्षम प्राधिकारी से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में विफल रहता/रहती है, तो उनकी उम्मीदवारी को अनारक्षित श्रेणी माना जाएगा। **ईडब्ल्यूएस** (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) से संबंधित उम्मीदवारों को कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं 36039/1/2019 -स्था(आरक्षण) दिनांक 31/01/2019 के अनुसार निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

11. केंद्र/राज्य सरकार/क्वासी सरकारी कार्यालय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/राज्य सरकार स्वायत्त निकायों जैसे सरकारी सेवा में **कार्यरत उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन पेश करते समय संबंधित नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की प्रतिलिपि अपलोड** करे तथा एनओसी के साथ आवेदन की हार्ड कॉपी उचित माध्यम से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी,केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, प्रो.सर.सी.वी रामन रोड, पोस्ट बॉक्स सं: 8066, सदाशिवनगर (डा.घ), बेंगलूर - 560080 को डाक द्वारा **30.11.2022** से पहले भेजी जानी चाहिए, अन्यथा आवेदन पर आगे की प्रक्रिया के लिए विचार नही किया जाएगा ।

12. उल्लिखित सभी शैक्षिक योग्यताएँ भारत सरकार द्वारा मान्य यूजीसी/ एआईसीटीई / राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय/संस्थानों /बोर्डों से प्राप्त हों।

13. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में स्नातक और स्नातकोत्तर के मामले में उम्मीदवार निकटतम दो दशमलव तक प्राप्त अंक का उल्लेख करें।

14. प्रमाणपत्रों में घोषित/ उल्लिखित अंकों के आधार पर ही अंकों का प्रतिशत निर्दिष्ट किया जाएगा।

15. एक ही पद के लिए एक से अधिक आवेदनों को सरसरी तौर पर खारिज़ कर दिया जाएगा।

16. एक से अधिक पद के लिए आवेदन देने वाले उम्मीदवारों को चाहिए कि वे प्रत्येक पद के लिए अलग से सभी मार्क्स कार्ड, प्रमाणपत्रों एवं साक्ष्यों की प्रतियों के साथ वर्ग एवं पद का नाम सूचित करते हुए पृथक पृथक आनलाइन आवेदन फार्म प्रस्तुत करें।

17. दोहरी अर्हता / विशिष्टताओं के मामले में उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन/व्यावसायिक परीक्षा/कौशल परीक्षा के समय, यथा लागू और भर्ती के समय भी आवश्यक सबूत पेश करें कि उनकी प्रमुख विशिष्टता पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदंड के अनुरूप है।

18. **आनलाइन आवेदनों को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पूर्व उम्मीदवार आवेदन की पूर्व समीक्षा करें व सुनिश्चित करें कि उन्होंने सही सूचना दी हैं तथा पद के लिए निर्धारित योग्यता तथा विशिष्ट पदों के लिए निर्धारित अनुभव प्रमाण पत्र के समर्थन में यथास्थिति फोटोग्राफ, संबंधित नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) (सरकारी संगठन के मामले में), हस्ताक्षर, सएसएलसी/ एसएससी/ मैट्रिक मार्क्सकार्ड, डिग्री/आईटीआई / डिप्लोमा प्रमाणपत्र/ अनुभव प्रमाणपत्र / जाति प्रमाणपत्र / अनंतिम प्रमाणपत्र तथा सभी मार्क्सकार्ड अपलोड किया है।** यह भी सुनिश्चित करें कि स्केन किए तथा अपलोड किए गए दस्तावेज स्पष्ट है तथा धुँधला/ अस्पष्ट नहीं है।

19. **निर्धारित सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रतियाँ अपलोड करने में असफल होने पर आवेदन अमान्य माना जाएगा तथा अस्वीकृत किया जाएगा।**

20. किसी भी कॉलम में गलत सूचना देने पर आवेदन को, बिना किसी कारण के सरसरी तौर पर खारिज़ कर दिया जा सकता है।

21. **शुल्क का भुगतानः** जैसे ही उम्मीदवार एक बार ऑनलाइन में अपना आवेदन प्रस्तुत करता है, आवेदन शुल्क का भुगतान करने के लिए सिस्टम में एक लिंक दिखाई देगा। उम्मीदवारों को उस लिंक पर क्लिक करना होगा तथा आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। निर्धारित शुल्क के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा सरसरी तौर पर खारिज़ कर दिया जाएगा। ऐसे अग्रहणों के अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

22. **आवेदन के लिए भुगतान किया जानेवाला आवेदन शुल्कः**

| | | |
|---|---|---|
| ए | इंजीनियरी अधिकारी ग्रेड 1 , इंजीनियरी सहायक | प्रत्येक पद के लिए रु. 1000/- |
| बी | तकनिशियन ग्रेड 1 , सहायक ग्रेड II | प्रत्येक पद के लिए रु. 500/- |
| सी | एमटीएस ग्रेड.1 (चौकीदार) (भूत पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित) | शून्य / छूट |

ए) अनु जाति/अनु जन जाति/ वि व्यक्ति / भूत पूर्व सैनिकों / महिला उम्मीदवारों एवं सीपीआरआई के विभागीय उम्मीदवारों को शुल्क के भुगतान की छूट दी गई है।

बी) एक बार आवेदन जमा करने के बाद ऑनलाइन सिस्टम एक यूनीक पंजीकरण संख्या का एक पंजीकरण प्रपत्र निकालेगा। उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि भविष्य के संदर्भ के लिए इसे अपने पास रखें।

23. आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार के आनलाइन भुगतान के लिए वहन किया गया बैंक लेन देन शुल्क, यदि कोई हो तो, उम्मीदवार को यह खर्च स्वयं उठाना होगा।

24. एक बार प्रदत्त शुल्क को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। किसी भी पद के लिए आवेदन देने और आवेदन शुल्क के भुगतान से पहले उम्मीदवार पद के लिए अपनी पात्रता एवं शुल्क रियायत के लिए अपनी पात्रता की जाँच करें। यह ध्यान रखें कि आवेदन शुल्क उस पद के लिए आवेदन भरने के लिए मात्र है जो उम्मीदवारों को लघु सूचीयन , एमसीक्यू परीक्षा/ व्यावसायिक परीक्षा / कौशल परीक्षा/ दस्तावेज सत्यापन आदि के जैसे आगे की प्रक्रिया के लिए पात्र बनने के लिए कोई अधिकार प्रदान नहीं करेगा तथा इस मामले में सीपीआरआई का निर्णय अंतिम होगा।

25. एक बार पंजीकृत ऑनलाइन आवेदनों को वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा एक बार प्रदत्त आवेदन शुल्क की न तो धन वापसी की जाएगी और न ही किसी अन्य परीक्षा के लिए रिज़र्व में रखा जाएगा।

26. विज्ञापन और या/भर्ती प्रक्रिया से संबंधित कोई भी संशोधनजोड़ आदि/सुधार/, यदि कोई हो, संस्थान की वेब साइट पर ही अपलोड किया जाएगा।इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे समय समय पर संस्थान की वेबसाइट-https://cpri.res.in/ देखते रहें।

27. कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा/ कौशल परीक्षा / व्यवसायिक परीक्षा/ शारीरिक परीक्षण की सारणी सीपीआरआई की वेबसाइट https://cpri.res.in/ में प्रदर्शित की जाएगी।

28. **महत्वपूर्ण तारीखें**

| **विवरण** | **तारीख** |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभण की तारीख | 01.11.2022 (10.00 बजे पूर्वाहन) |
| ऑनलाइन पंजीकरण समापन तारीख | 21.11.2022 (5.00 बजे अपराहन) |
| आवेदन शुल्क भुगतान ऑनलाइन | 01.11.2022 (10.00 बजे पू. से 21.11.2022 (5.00 अप.) तक |
| शैक्षिक अर्हता, ऊपरी आयु सीमा के उद्देश्य के लिए विच्छेदक तिथि | 21.11.2022 |
| कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा की तारीख तथा वेबसाइट पर प्रवेश पत्रों की उपलब्धता की तारीख | बाद में सूचित की जाएगी। |
| चयनित उम्मीदवारों की सूची की घोषणा | बाद में सूचित की जाएगी। |

29. **महत्वपूर्ण लिंक**

| |
|---|
| फार्मेट अ.पि.वर्ग जाति प्रमाण पत्र |
| फार्मेट ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र |
| फार्मेट अनु जा/अनु जन जा प्रमाण पत्र |
| फार्मेट पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र |

30. एमसीक्यू परीक्षा/ व्यवसायिक परीक्षाकौशल परीक्षा के लिए स्थान का पता/ ,तारीख और समय की सूचना प्रवेश कार्डकॉल लेटर में दी जाएगी।/

31. उम्मीदवार को अपने खर्च पर एमसीक्यू परीक्षा/ व्यवसायिक परीक्षाशारीरिक / कौशल परीक्षा/ परीक्षण और दस्तावेज सत्यापन आदि के लिए उपस्थित होना पड़ेगा।

32. एमसीक्यू परीक्षा लेते समय उम्मीदवार को प्रवेश पत्र के साथ मूल फोटो पहचान पत्र सबूत पेश करना होगा। मूल फोटो पहचान कार्ड और प्रवेश कार्ड के बिना उम्मीदवारों को एमसीक्यू की परीक्षा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उम्मीदवार ध्यान रखें कि फोटो पहचान पत्र पर प्रदर्शित नाम पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान दिए गए नाम से वस्तुतः मेल खाएँ।

33. **परीक्षा केंद्र** दिल्ली :**शहर /**, मुंबई, कोलकाता,बेंगलूर, नागपुर, हैदराबाद, भोपाल, चेन्नई, लखनऊ, गुवाहाटी, पटना, जम्मू। उम्मीदवारों की पसंद के अनुसार परीक्षा केंद्र आवंटित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा; तथापि, सीपीआरआई उम्मीदवार द्वारा चुने गए परीक्षा केंद्रशहर के अलावा किसी अन्य / शहर को आवंटित करने का अधिकार रखता है।/परीक्षा केंद्रपरीक्षा के लिए केंद्र बदलने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

34. उम्मीदवारों को निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे :

सीपीआरआई द्वारा यथा अपेक्षित दस्तावेज सत्यापन अथवा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी उत्तरवर्ती चरण पर सत्यापन के लिए मूल प्रमाण-पत्र ।

ए. जन्म तिथि जैसे मैट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र /माध्यमिक स्कूल छोडने का प्रमाण - पत्र /एसएससी/X कक्षा अंक पत्र ।

बी. उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षों /सेमिस्टरों की अंक तालिकाओं के साथ शैक्षणिक अर्हता प्रमाण पत्र।

सी संबंधित संगठन द्वारा विधिवत् प्रमाणित अर्हता के बाद के अनुभव के तौर पर कंपनी के पत्रशीर्ष में अनुभव/सेवा प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो तो ) जिसमें संभाले गए पद, सेवा अवधि, सकल वेतन, अनुभव का क्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख हो ।

डी . सक्षम प्राधिकारी से निर्धारित भारत सरकार के फार्मेट में जाति/वर्ग प्रमाण-पत्र (अनु जा/अनु जन जा/अ पि व / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मामले में यथा लागू) ।

ई. विकलांग उम्मीदवार के मामले में सक्षम प्राधिकारी/चिकित्सा बोर्ड से निर्धारित भारत सरकार के फार्मेट में विकलांगता प्रमाण -पत्र ।

एफ. भूतपूर्व - सैनिक के मामले में सेवा मुक्ति प्रमाण पत्र एवं भूतपूर्व - सैनिक आई डी कार्ड ।

जी. केन्द्रीय/राज्य सरकार/क्वासी सरकारी कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक / स्वायत्त निकाय आदि में कार्यरत उम्मीदवारों के मामले में नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र ।

**यह चयन सत्यापन के लिए प्रस्तुत मूल दस्तावेजों की जाँच पर निर्भर है।**

यदि अंग्रेजी संस्करण और हिंदी संस्करण के बीच कोई अंतर पाया जाता है, तो अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा

टेलीफोन/मोबाइल/एसएमएस पर कोई भी अंतरिम मौखिक पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा और सभी प्रश्न, यदि कोई हो तो, इस उद्देश्य के लिए दी गई ई-मेल " *recruitment@cpri.in.*" को संबोधित करे। किसी भी अन्य प्रकार के पत्र-व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा।

***************